

# शहर कांग्रेस अध्यक्ष और उनके डॉक्टर को पुलिस ने थाने में घंटों बैठाया

- 275 प्रश्नों के जवाब मांगे थाना प्रभारी ने
- पुलिस ने मुचलके पर छोड़ा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** गुरुवार को पंढरीनाथ पुलिस ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष को घंटों बैठाया. इतना ही नहीं उनका इलाज करने वाले डॉक्टर को भी पुलिस से पूछताछ के लिए घंटों बैठाए रखा. फिर रात 8.30 के बाद मुचलके पर छोड़ा गया. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता थाने पर जमा हो गए.

भाजयुमो द्वारा करीब दो महीने पहले कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन का घेराव और प्रदर्शन किया गया था. इस दौरान बीजेपी द्वारा पत्थरबाजी भी की गई थी। प्रदर्शन खत्म होने के बाद भाजयुमो अध्यक्ष सौगात मिश्रा ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित 11 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी. वहीं कांग्रेस के आवेदन पर अज्ञात के खिलाफ आवेदन और एफआईआर की गई, जबकि कांग्रेस ने पत्थर फेंकने वालों के नाम दिए थे. उक्त मामले को लेकर आज पंढरीनाथ पुलिस ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को दोपहर डेढ़ बजे बयान देने के लिए बुलाया. चौकसे सामान्य तौर पर बयान देने थाने पहुंचे. इसके बाद थाना प्रभारी ने चौकसे से 275 प्रश्नों के लेकर पूछताछ शुरू की. इस दौरान थाना प्रभारी को उन्होंने दो दिन नहीं आने के



पीछे तबीयत खराब होने की जानकारी दी. इस पर थाना प्रभारी ने डॉक्टर का नाम पूछा और क्या इलाज लिया और कौन सी गोली दी गई? ऐसे तमाम सवाल पूछे. इसके बाद डॉक्टर को बुलाकर थाने में घंटों बैठाए रखा.

**वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नहीं आए**–ध्यान देने वाली बात यह है कि उक्त स्थित में एक भी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पंढरीनाथ थाने नहीं आया. थाना प्रभारी ही चौकसे से सवाल जवाब करते रहे. थाने में मौजूद कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के अनुसार इस दौरान चौकसे से कई बार थाने में बयान लिखे गए और फिर काटा पीटी करते रहे.

**अनावश्यक परेशान कर रही पुलिस: वर्मा**–कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि पुलिस सत्ता धारी भाजपा सरकार के दबाव में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को अनावश्यक परेशान कर रही है.

### प्रताड़ना का प्रयास : पटवारी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे को पंढरीनाथ थाने में घंटों बैठाकर पूछताछ करना पुलिस का कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने का प्रयास है. यदि पुलिस को किसी मामले की जांच करनी है, तो कानून के अनुसार जांच करे, लेकिन राजनीतिक दल के निर्वाचित पदाधिकारी को घंटों थाने में बैठाकर मानसिक दबाव बनाने की कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है. कांग्रेस पुलिस और सरकार के कृत्य पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराती है. चौकसे को कई घंटे तक थाने में बैठाकर पूछताछ करना अनावश्यक दबाव और राजनीतिक प्रताड़ना जैसा प्रतीत होता है. पटवारी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता कानून का सम्मान करते हैं. जांच में सहयोग करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे, लेकिन राजनीतिक दबाव में पुलिस का इस्तेमाल कर कांग्रेस नेताओं को डराने और दबाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### मुझे परेशान किया जा रहा : चौकसे

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि मुझे बयान देने के बहाने से बुलाया गया. थाना प्रभारी ने 275 प्रश्न लिखकर बैठे थे और मुझसे जवाब तलब कर रहे थे. मुझे परेशान और त्रास देने के लिए यह सब किया जा रहा था. पुलिस ने दोपहर 2 बजे से मुझे थाने में बैठा रखा था. 8.30 बजे मुचलका भरवा कर छोड़ा है.

# प्लॉट जालसाजी केस में पैसों के नेटवर्क की पड़ताल तेज

- कृष्णायन डेवलपमेंट के लेन देन पर भरत पटवारी से 7 घंटे पूछताछ
- ड्राइवर के नाम कंपनी मिलने से जांच का दायरा बढ़ा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्लॉट जालसाजी, सट्टा और ड्रग्स कनेक्शन वाले चर्चित मामले में पुलिस अब जमीन के सौदों के साथ साथ पैसों के लेन देन की कड़ियां जोड़ रही है. जांच के दौरान कृष्णायन डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संदिग्ध वित्तीय लेन देन सामने आने के बाद पुलिस ने कंपनी से जुड़े भरत पटवारी से करीब सात घंटे तक पूछताछ की. पुलिस ने बैंक रिकॉर्ड और कंपनी से जुड़े दस्तावेजों के आधार पर कई बिंदुओं पर जानकारी जुटाई है.**

जांच में सामने आया कि कृष्णायन डेवलपमेंट कंपनी में भरत पटवारी और नाना पटवारी डायरेक्टर हैं. पुलिस ने पूछताछ के दौरान कंपनी और कॉलोनाइजर सुमित मंत्री से जुड़ी दूसरी कंपनी के बीच हुए बड़े वित्तीय लेन देन को लेकर सवाल किए. पुलिस यह पता लगा रही है कि इन कंपनियों के बीच इतनी बड़ी राशि का ट्रांजेक्शन किस आधार पर हुआ.

पूछताछ में भरत पटवारी ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों से इनकार किया है. वहीं जांच के दौरान पुलिस को एक ऐसी कंपनी की जानकारी भी मिली है, जो ड्राइवर के नाम पर रजिस्टर्ड बताई जा रही है. अब पुलिस इस कंपनी के संचालन, लेन देन और इससे जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है. संदिग्ध आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस अन्य एजेंसियों से भी जानकारी जुटा रही है. संदिग्ध बैंक खातों और दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है.

इधर, राजेंद्र नगर पुलिस ने मामले की जांच आगे बढ़ाते हुए पप्पू मंत्री को संबंधित दस्तावेजों के साथ पूछताछ के लिए बुलाया है. इससे पहले कॉलोनाइजर सुमित मंत्री से भी करीब नौ घंटे पूछताछ की जा चुकी है. जांच में पुलिस को ड्रग तस्कर गोलू चंदेरी से जुड़े प्लॉट सौदे की जानकारी भी मिली थी. अब पुलिस जमीन कारोबार, कंपनियों और वित्तीय लेन-देन के बीच संबंध तलाश रही है.

### जांच जारी है...

सामने आए दस्तावेजों, कंपनियों के रिकॉर्ड और वित्तीय लेन देन की जांच की जा रही है. जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी.


–डीसीपी जोन 1, नरेंद्र सिंह रावत

# रमेश साहू हत्याकांड : चार आरोपी बरी, साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने दिया संदेह का लाभ

- सात आरोपियों में से तीन को आजीवन कारावास,
- जिला न्यायालय ने सुनाया फैसला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. बहुचर्चित रमेश साहू हत्याकांड में जिला एवं सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए सात आरोपियों में से चार को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया. अदालत ने माना कि इन चारों के खिलाफ अभियोजन पक्ष आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त और ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका. वहीं, मामले में तीन अन्य आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है.**



जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार मिश्रा की अदालत ने सुनवाई के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का परीक्षण किया. अदालत ने पाया कि चार आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत साक्ष्य दोष सिद्ध करने की स्थिति में नहीं हैं, जिसके चलते उन्हें संदेह का लाभ देते हुए बरी किया. दोषमुक्त हुए आरोपी कमल की ओर से अधिवक्ता अपूर्व जैन ने पैरवी की. उन्होंने अदालत के समक्ष तर्क रखा कि मामले की विवेचना में कई खामियां रहीं और अभियोजन पक्ष चारों आरोपियों की संलिप्तता को संदेह से परे साबित नहीं कर सका.

बचाव पक्ष ने यह भी दलील दी कि प्रारंभिक रिपोर्ट में घटनास्थल पर केवल तीन लोगों की मौजूदगी का उल्लेख था, जबकि बाद में अन्य आरोपियों को भी मामले में शामिल किया. अदालत ने सुनवाई के दौरान इन तथ्यों और जांच से जुड़े पहलुओं पर विचार किया. फैसले के बाद अधिवक्ता अपूर्व जैन ने कहा कि न्यायालय ने सभी साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया. अभियोजन पक्ष आरोपों को प्रमाणित नहीं कर सका, इसलिए चार आरोपियों को दोषमुक्त किया.

> अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति पर आरोप लगना मात्र उसे दोषी साबित नहीं करता. दोषसिद्धि के लिए अभियोजन पक्ष को ठोस, विश्वसनीय और पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करना आवश्यक होता है. साक्ष्यों के अभाव में कानून के अनुसार आरोपी को संदेह का लाभ दिया जाता है.

## एक नजर में

### ग्रामीणों ने घेरा बिजली दफ्तर, सौंपा ज्ञापन



**महू.** ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. इस गंभीर समस्या से सबसे ज्यादा बच्चे और बुजुर्ग परेशान हो रहे हैं. अपनी मांगों को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली दफ्तर पहुंचकर कनिष्ठ अभियंता रवि वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच रात में बिजली गुल रहने से लोगों का सोना दूभर हो गया है. उन्होंने मांग की है कि यदि कटौती करना जरूरी ही है, तो रात के बजाय दिन का समय निर्धारित किया जाए ताकि लोगों की नींद खराब न हो. प्रदर्शन में शामिल किसानों ने मांग उठाई कि रात के समय जंगल और कृषि क्षेत्रों में सिंगल फेज बिजली सप्लाई चालू रखी जाए। वर्तमान में पूरी रात सप्लाई बंद रहने से खेतों की रखवाली करने वाले किसानों और मजदूरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सिंगल फेज सप्लाई मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी. शिकायत सुनने के बाद कनिष्ठ अभियंता रवि वर्मा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विभाग जानबूझकर बिजली नहीं काट रहा है. कुछ तकनीकी खराबी के चलते यह समस्या आ रही है, जिसे ठीक किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि बुधवार रात से व्यवस्था में सुधार हुआ है और कटौती नहीं की गई है. कृषि क्षेत्र में सप्लाई देने की मांग को वे जल्द ही वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखेंगे. उन्होंने वादा किया कि विभाग ग्रामीणों के साथ मिलकर हर समस्या का समाधान करेगा.

### श्री एकेडमी में नशे से दूरी है ज़रूरी कार्यशाला आयोजित




**महू.** मध्यप्रदेश पुलिस के राज्यव्यापी नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम कोदरिया स्थित श्री एकेडमी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यक्रम में श्री एकेडम, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट एवं इनरव्हील क्लब ऑफ महू कैंट के संयुक्त तत्वावधान में थाना महू के अधिकारियों का स्वागत किया गया तथा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया. इस अवसर पर थाना प्रभारी राहुल शर्मा, उप निरीक्षक दीपक राठौड़ एवं आरक्षक सुहानी का स्वागत श्री एकेडमी के कॉमर्स विभाग के राघवेंद्र जोशी एवं कुमारी श्री पाटीदार ने किया. नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, निबंध, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया. कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए चित्र, निबंध एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों का अवलोकन थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की। उप निरीक्षक दीपक राठौड़ ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया कि नशा व्यक्ति को धीरे-धीरे अपराध और विनाश की ओर ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया. संस्था के डायरेक्टर एवं रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार पाटीदार ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है। नशे से दूर रहकर ही विद्यार्थी अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं. श्री एकेडमी की प्राचार्य डॉ. हेमलता पाटीदार के निर्देशन में सुदर्शन पाटीदार एवं ललतेश बैरागी ने किया.

### समरसता दीप अभियान संपन्न

**महू.** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संत श्री रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। यह अभियान गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर संत रविदास महाराज आगामी जयंती 12 फरवरी तक निरंतर संचालित किया जाएगा. अभियान के प्रथम चरण में गुरु पूर्णिमा की संध्या रात्रि 7 बजे से 9 बजे तक के जी माहेश्वरी नगर मण्डल महू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न सार्वजनिक मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर समरसता दीप अभियान का आयोजन अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और सफलता के साथ संपन्न हुआ. इस आयोजन के कुशल संचालन हेतु पार्टी नेतृत्व द्वारा पीयूष अग्रवाल को मण्डल प्रभारी एवं महेश बागड़ी को संयोजक नियुक्त किया गया था.

# प्रशासन द्वारा अवैध वृद्धाश्रम सील और संचालकों पर की एफआईआर

## वृद्धजनों को अन्य आश्रम में किया गया स्थानांतरित

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में मनबुद्धि नाबालिक युवक द्वारा वृद्धजनों से मारपीट की खबर पर प्रशासन द्वारा अवैध वृद्धाश्रम को सील करने और संचालकों पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई कर दी. साथ ही अवैध वृद्धाश्रम के पीड़ित वृद्धजनों को मान्यता प्राप्त आश्रम में स्थानांतरित किया गया.**

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल वृद्धजनों के साथ मारपीट की खबर सामने आने के बाद तत्काल कार्रवाई की और एसडीएम मल्हारगंज, सामाजिक न्याय एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल को मौके पर भेजा. कलेक्टर द्वारा गठित दल ने पीड़ित वृद्धजनों को मान्यता प्राप्त वृद्धाश्रमों-गणेश आश्रम, निराश्रित सेवाश्रम,आशा निलय में सुरक्षित स्थानांतरित किया. वहीं मंदबुद्धि नाबालिग को आवश्यक संरक्षण एवं आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है. मौके पर संयुक्त दल ने जांच में प्रेमाश्रय वृद्ध आश्रम, बाणगंगा का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा था, जिसको प्रशासन द्वारा सील कर दिया गया है. साथ ही सामाजिक न्याय विभाग द्वारा आश्रम की संचालिका के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है. संचालिका द्वारा शासकीय भूमि पर निर्मित नगर निगम के भवन में किस आदेश से संचालन किया जा रहा था? इसकी जांच भी करवाई जा रही है. कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए हैं कि प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए.



# युवकों को बांधकर पीटने वाले पर पुलिस का शिकंजा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** केशरबाग रेलवे पटरी के पास दो युवकों को बांधकर मारपीट करने के मामले में अन्नपूर्णा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई.

वायरल वीडियो में एक युवक दो लड़कों को डंडे से पीटता दिखाई दे रहा था. इनमें से एक युवक के हाथ पैर रस्सी से बांधे थे. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को मुक्त कराया था. जांच में सामने आया कि मारपीट का शिकार हुए दोनों युवकों के खिलाफ भी पूर्व में आपराधिक मामले दर्ज हैं. दोनों चोरी की नीयत से क्षेत्र में पहुंचे थे, जिसके बाद विवाद हुआ. मारपीट करने वाले आरोपी आकाश के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस अब घटना के पूरे घटनाक्रम और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है.

### जांच के बाद प्रकरण दर्ज

वायरल वीडियो के आधार पर जांच के बाद आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है.

एसीपी, शिवेंदु जोशी

# पिज्जा डिलीवरी बॉय ने फांसी लगाकर दी जान

### किराए के कमरे में मिला शव

**इंदौर. लसूडिया थाना क्षेत्र के श्रीराम नगर कांकड़ में 22 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक पिज्जा डिलीवरी का काम करता था और भाई के साथ किराए के मकान में रहता था. देर रात भाई के लौटने पर घटना का खुलासा हुआ.**

मृतक रजनीश पिता अनिल उम्र 22 साल निवासी श्रीराम नगर कांकड़, मूल निवासी कटनी फूड डिलीवरी कंपनी में पिज्जा डिलीवरी का काम करता था. रात करीब 8 बजे उसका भाई शुभम उसे खाना खाकर आराम करने के लिए कहकर काम पर चला गया था. रात करीब 1 बजे लौटने पर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला.

आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर मकान मालिक और लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया, जहां रजनीश फंदे पर लटका मिला. परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. थाना प्रभारी राजकुमार ने बतायाकि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

# फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री गिरफ्तार

## अवंतिका गैस एजेंसी को जारी किया था कथित फर्जी लेटर, भंवरकुआं पुलिस कर रही पूछताछ

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय से फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में पुलिस ने तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री मार्तंड सिरोलिया को गिरफ्तार किया है. पुलिस आरोपी से फर्जी दस्तावेज जारी करने के संबंध में पूछताछ कर रही है.**

फरियादी जीवन रघुवंशी ने एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर में शिकायत की थी कि अवंतिका गैस एजेंसी की एनओसी प्राप्त करने के संबंध में उन्हें एक फर्जी लेटर जारी किया था. शिकायत के आधार पर भंवरकुआं थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी.

जांच के दौरान पुलिस ने मामले में रोहित नगर फेज 2 के त्रिवेणी अपार्टमें में रहने वाले 35 वर्षीय मार्तंड सिरोलिया थाना शाहपुरा, भोपाल को गिरफ्तार किया. आरोपी पूर्व में एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल में प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ था. पुलिस आरोपी से फर्जी दस्तावेज जारी करने से जुड़े तथ्यों और अन्य बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है. मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है.



### कार्रवाई की जा रही है...

शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच की गई थी. जांच के दौरान फर्जी एनओसी जारी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी से दस्तावेज जारी करने और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों को लेकर पूछताछ की जा रही है. मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

भंवरकुआ थाना प्रभारी,
संतोष दूधी

**एक नजर में** सीवरेज लाइन के बाद खुदी सड़कें नहीं बनीं, कीचड़-गड्ढों से परेशान रहवासियों ने उठाए सवाल

# टेंडर नहीं, फिर भी बारिश बाद पक्की सड़क का आश्वासन

**इंदौर.** बर्फानी धाम से सटी कृष्ण बाग कॉलोनी में सीवरेज लाइन बिछाने के आठ महीने बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हो पाया है. अधूरी सड़कों के कारण बरसात में रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है. कीचड़, जलभराव और गड्ढों के बीच लोगों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इधर पार्षद ने बरसात समाप्त होते ही पक्की सड़क निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया है, लेकिन फिलहाल सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी नहीं किए हैं.

बर्फानी धाम क्षेत्र से लगे वार्ड क्रमांक 30 की कृष्ण बाग कॉलोनी में सीवरेज लाइन डालने के लिए सीमेंट कंक्रीट सड़कें खोदी गई थीं. लाइन बिछाने का काम पूरा होने के बाद अधिकांश स्थानों पर केवल गिट्टी डालकर छोड़ दिया, जिसके कारण सड़कें बदहाल हो गई हैं. बरसात के दौरान हालात और खराब हो गए हैं. जगह जगह कीचड़ और पानी जमा होने से लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है.

रहवासियों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति का असर बच्चों की स्कूल आवाजाही और व्यापार पर भी पड़ रहा है. गंदगी और जलभराव के कारण मच्छर मक्खियों का प्रकोप भी बढ़ गया है. लोगों ने नगर निगम से जल्द सड़क निर्माण शुरू कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है.

### पार्षद का आश्वासन, बारिश बाद शुरू होगा सड़क निर्माण...



इस मामले में पार्षद मनीषा गागौर का कहना है कि पूरे क्षेत्र में सीवरेज की नई लाइन का कार्य जारी है. इस कार्य के पूरा होते ही बरसात के बाद तुरंत पक्की सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा. फिलहाल सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी नहीं किए हैं.

**– मनीषा गागौर, पार्षद**

### एक साथ खोदी सड़कें, कारोबार प्रभावित...



मालवीय नगर मुख्य मार्ग और कृष्ण बाग की गलियों का काम एक साथ खोल दिया, जिसके कारण बहुत ज्यादा परेशानी बढ़ गई. यहां की किसी भी दुकान पर कोई भी ग्राहक नहीं रुकता, जिससे व्यापार ठप हो चुके हैं.

**– रमेश भाटी**



पूरे क्षेत्र की खुदी सड़कों से न तो वाहन चालक निकल पा रहे है, न ही पैदल लोगों की आवाजाही हो पा रही है. बड़े छोटे गड्ढों के कारण लोग गिर रहे हैं. कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, मगर कोई सुनने वाला नहीं है.

**– नंदकुमार रमन**



सड़कों की हालत बहुत खराब है. बरसात में तो और भी मुसीबतें बढ़ गई हैं. आने जाने में दिक्कत हो रही है. अधिकारियों ने डेढ़ से दो महीने में काम पूरा करने का कहा था, जबकि डेढ़ महीना बीत चुका है.

**– शारदा प्रसाद वैश्य**



स्कूल की वैन अंदर तक नहीं आती, क्षेत्र इतना बड़ा है कि आखिरी कोने के लोग पूरी कॉलोनी पार करके पास ही स्थित मालवीय नगर की मुख्य मार्ग से आवाजाही करने को मजबूर है, ऐसे में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है.

**– दीपक वर्मा**